तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025



12 64 परीक्षार्थियों ने दी राष्ट्रीय उल्लास साक्षरता परीक्षा



11 विवादित टिप्पणी के खिलाफ अखिल...






## खबर संक्षेप



### धान खरीदी की लिमिट बढ़ाये सरकार

**मुंडा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारि समिति बरदा का आश्रित पैजनी, जुड़ा, चिचिरदा, कसियारा के 1784 किसानों द्वारा 960000 क्विंटल धान बेचा जाना है। 17 नवंबर से 8 दिसंबर तक 18 दिन में 161160 क्विंटल धान 234 किसानों ने टोकन के माध्यम से बेच पाये हैं। इन किसानों का भी अभी टोकन बकाया है। शनिवार, रविवार और आदि शासकीय छुट्टी को छोड़ दिया जाए तो किसानों का धान खरीदी का समय महज 32 दिन बचा है। इसी धीमी गति से यदि धान खरीदा जाए तो 3652 96 क्विंटल धान की खरीदी हो पायेगी अर्थात टोटल धान 49 दिन में 526456 क्विंटल ही खरीद पाएगी। 900 से 1000 किसान 433544 क्विंटल धान नहीं बेच पायेंगे। यह समिति अध्यक्ष गिरधारीलाल वर्मा द्वारा ब्रांच नोडल अधिकारी उप पंजीयक सहकारिता विभाग व कलेक्टर को अवगत कराया जा चुका है, फिर भी शासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। समिति के आश्रित गांव के किसान व बरदा पंचायत के सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे व जुड़ा के सरपंच राजेश नेताम ने शासन से धान खरीदी का लिमिट बढ़ाने की मांग की है।

### सिमगा में पुलिस आवासों के लिए जमीन अवंटित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने थाना सिमगा के नये प्रशासकीय भवन, अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय भवनों के निर्माण के लिए ग्राम सिमगा में जमीन आवंटित कर दी है। यह भूमि प्रतिवेदित अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार -भाटापारा के नाम पर छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 237(3)के तहत नोइयत परिवर्तन करते हुए चिन्हांकित नक्शा के अनुसार शर्तो के आधार पर आवंटित किया गया है। जारी आदेशानुसार ग्राम सिमगा प.ह.न. 15 तहसील सिमगा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 577/1 रकबा 21.6590 हेक्टेयर में से 2.020 हेक्टेयर भूमि थाना सिमगा के नये प्रशासकीय भवन अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये आवासीय भवनों के निर्माण हेतु आवंटित की गई है।

# जिले के 728 लोगों ने अपने घर की छतों पर लगवाए सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सौर ऊर्जा को अपनाने लोगों में उत्साह



### नेतृत्व और नवाचार से उभरता राज्य का प्रेरणादायी मॉडल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन और कलेक्टर दीपक सोनी की निगरानी में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यह अभियान जिले में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। आज बलौदाबाजार-भाटापारा छत्तीसगढ़ का एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रहा है जहां सरकारी योजनाएं कागजों से निकलकर वास्तव में लोगों के जीवन में रोशनी बन रही हैं और उज्ज्वल परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में ऊर्जा क्रांति का नया अध्याय लिख दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी के सतत मार्गदर्शन ने इस योजना को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।जिले के लोगों में इस योजना को लेकर उत्साह इतना प्रबल है कि 7,869 परिवारों ने अब तक पंजीकरण कराकर सौर ऊर्जा अपनाने की दिशा में अपना सशक्त संकल्प व्यक्त किया है।

यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते जिले के बदलते सोच और जागरूकता का प्रतीक है। इसी प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सक्रियता का परिणाम है कि 728 घरों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित हो चुके हैं। ये परिवार आज मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर न केवल आर्थिक बचत कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं।

इस योजना की पारदर्शिता और त्वरित लाभ वितरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि 501 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। इससे योजना के प्रति आम नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है तथा सहभागिता भी लगातार बढ़ रही है।

## धान खरीदी : कलेक्टर ने की धान खरीदी प्रगति की समीक्षा

# 33289 किसानों से अब तक 151229 मीट्रिक टन धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- रकबा समर्पण, धान उठाव एवं अवैध धान पर कार्रवाइ के निर्देश दिए

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण एवं धान उठाव में तेजी लाने तथा कोचिये व बिचौलिए के अवैध धाम पर लगातार कार्रवाई के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आने वाले किसानों का वाहन सहित फोटो लेकर एप में अपलोड करने का कार्य सभी उपार्जन केन्द्र के ऑपरेटर से प्रतिदिन अनिवार्य रूप से कराने में निर्देश दिये। उन्होंने मिलर्स द्वारा धान उठाव की समीक्षा करते हुए कहा कि उपार्जन केन्द्र से धान उठाने के बाद ट्रक संबंधित मिलर्स के यहां पहुंचना चाहिए। उन्होंने अतिसंवेदनशील उपार्जन केंद्रों में अब तक की खरीदी मात्रा का विश्लेषण करने एवं अधिक खरीदी के कारणों का पता लगाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी समिति का बिचौलिए से मिली भगत पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। सभी सतर्क होकर कार्य करें। अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी के लिये उड़ानदस्ता दल एवं चेक पोस्ट से प्रतिदिन की कार्रवाई की जानकारी लेने के निर्देश दिये।



बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 33289 किसानों से 151229 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके साथ ही 10482 किसानों का लगभग 157 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है।

# धोखाधड़ी और गबन के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर पुलिस ने धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वाहन फाइनेंस का पैसा गबन करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक ग्राहक से 80 हजार की राशि फोर क्लोजर के नाम पर लेकर कंपनी में जमा नहीं की और फर्जी रसीद देकर खुद खर्च कर दी थी।

प्रार्थी मोहनलाल साहू निवासी हथनीपारा वार्ड ने शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने डाउन पेमेंट पर एक मोटरसाइकिल खरीदी थी, जिसका 92 हजार का फाइनेंस बजाज कंपनी से कराया गया था। मासिक किस्त 5964 थी।

उन्होंने फाइनेंस की बची हुई रकम 80 हजार को 6 जनवरी को वाहन का फोर क्लोजर (पूरा लोन एक साथ चुकाना) कराने के लिए आरोपी आकाश ठाकुर के पास जमा किया था। आरोपी आकाश ठाकुर ने कथित तौर पर एक कूटरचित पावती देकर उक्त रकम को बजाज ऑटो क्रेडिट कंपनी में जमा नहीं किया और स्वयं गबन कर लिया।

आरोपी की पहचान आकाश ठाकुर 28 साल निवासी सुभाष वार्ड भाटापारा के नाम से की गई है, जो सिग्मा स्टॉपिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में मार्किंग एसोसिएट के पद पर पदस्थ था। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर शहर थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 338, 336(3), 316(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में जुटी है। विवेचना के क्रम में आवश्यक दस्तावेज जुटाए गए तथा प्रार्थी और अन्य गवाहों के बयान लिए गए।

इसके आधार पर आरोपी आकाश ठाकुर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह स्वीकार किया कि उसने फाइनेंस की किस्त का पैसा कंपनी में जमा नहीं किया, बल्कि फर्जी बिल बनाते हुए उक्त रकम को गबन कर लिया और व्यक्तिगत रूप से खर्च कर दिया। आरोपी को 7 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# बिचौलिए से 287 बोरी अवैध धान और 110 नये बरदाना जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम ने कोचिये और बिचौलिए पर कड़ी निगरानी की जा रही है। सोमवार को राजस्व अनुभाग भाटापारा, सिमगा एवं पलारी में बिचौलिए से 287 बोरी अवैध धान एवं 110 बारदाना जब्त किया गया।

जानकारी के अनुसार अनुभाग भाटापारा में राजस्व एवं खाद्य की संयुक्त टीम ने ग्राम खैरी आर के फुटकर व्यवसायियों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें रमेश किराना द्वारा बिना लाइसेंस नवीनीकरण किए अवैध रूप से 50 कट्टा धान खरीद कर जमा किया था, जिसे जब्त कर सचिव ग्राम पंचायत खैरी आर को सुपुर्द किया गया।



सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम में बनसांकरा धान खरीदी समिति अध्यक्ष सुनील नायक एवं पुरुषोत्तम नायक के गोदाम से समिति के नए बारदाने में रखे गए क्रमशः 40 बोरे, 20 बोरे धान तथा लगभग 110 नए खाली बारदाने को जब्त कर सहकारी समिति चौरेंगा को सुपुर्द किया। इसी तरह एसडीएम पलारी, नायब तहसीलदार एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गुमा निवासी कृष्णा वर्मा से 177 बोरी अवैध धान जब्त कर ग्राम कोटवार के सुपुर्द किया।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


# प्रस्तावित महाविद्यालय का धोबनी स्थानांतरण के विरोध में उतरे हजारों लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

सरसीवां में स्थापित होने वाले शासकीय महाविद्यालय को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र धोबनी में स्थानांतरित करने के खिलाफ क्षेत्र की जनता सड़क पर उतर आई। 8 दिसंबर को सरसीवा नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय विशाल सर्वदलीय धरना प्रदर्शन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सामाजिक संगठन, युवा वर्ग, अभिभावक एवं हजारों की संख्या में नागरिक एकत्रित हुए। यह वह क्षण था जब पहली बार सरसीवा में सभी दल एक मंच पर आकर युवाओं के शिक्षा व क्षेत्रीय विकास के लिए एकजुट हुए। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### कॉलेज खोलने की प्रक्रिया हो चुकी थी पूर्ण

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में सरसीवा में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने संबंधी संपूर्ण प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी, जिसमें स्थान चयन व भू-चिह्नांकन विभागीय अनुशंसा फाइल की मंत्रालय स्तर पर प्रगति सभी चरणों में समाप्त हो चुकी थी। केवल अंतिम बजट की स्वीकृति शेष थी। इसके बावजूद वर्तमान में कुछ निजी स्वार्थगत व्यक्तियों के कूटनीति के चलते महाविद्यालय को सरसीवा से हटाकर धोबनी जैसे दूरस्थ गांव जहां उचित सड़क, परिवहन, बस-सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं में स्थानांतरित करने की पहल शुरू हो गई, जिससे क्षेत्र की जनता में गहरा आक्रोश है।


सुमीत बाजार में आज का स्पेशल ऑफर



MRP. ₹ ~~125~~ प्रति पीस वाला

एक्सपोर्ट क्वालिटी 5 स्टार होटल में यूज होने वाले

100% कॉटन सॉटन

प्लेन पिलो कव्हर

4 पीस ₹119

प्लेन 10 से अधिक रंगों में

दिखाये गये फोटो से प्रोडक्ट भिन्न हो सकते हैं ऑफर स्टॉक रहने तक

सिटी सेंटर, भाटापारा • बलौदा बाजार रोड, खरोरा • इंडस इंड बैंक के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री से कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी जनवरी 2025 में रायपुर जिले के ग्राम नवागांव (कोलियारी) में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कुंभकार समाज की पारंपरिक कला, श्रमशीलता और सांस्कृतिक योगदान छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाते हैं। राज्य सरकार सभी समाजों के विकास और सहभागिता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में समाज के सलाहकार रतनलाल चक्रधारी, बीपी चक्रधर, प्रदेशाध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी, महामंत्री हेमलाल कौशिक, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कुंभकार, दउवाराम चक्रधारी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नर्सिंग ऑफिसर एसो. की नई कार्यकारिणी



**रायपुर।** नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ संघ की की बैठक में सर्वसम्मति से नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ. रीना राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा प्रदेश सचिव नीलिमा शर्मा, महामंत्री रंजना सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष दीप्ति सिन्हा, दीपिका तिर्की, प्रदेश उप सचिव प्रज्ञा पिल्लै, नेहा राज पांडे, पूर्णिमा कोर्राम, अश्वनी राय, प्रदेश संगठन सचिव अन्नपूर्णा सिंह, वंदना एंथोनी, रीता एक्का, भावना ध्रुव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अपर्णा विश्वास, उप कोषाध्यक्ष सुमन देवांगन, प्रदेश प्रवक्ता टिकेश्वरी साहू तथा कार्यकारिणी सदस्य अमृता नायर, दुर्गेश्वरी साहू, प्रवंचना सोनी, सारिका रामटेके, जया श्रीवास को चुना गया है। अध्यक्ष डॉ. रीना राजपूत ने बताया कि संघ का रजिस्ट्रेशन 4 जुलाई 2022 को हुआ था। इसके बाद तीन वर्ष पूर्व प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया था। निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन कराया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में 3 संघों के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, पंकज पांडे एवं ऋतु परिहार को आमंत्रित किया गया। सभी पदों पर किसी भी प्रकार का प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार न होने के कारण सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए।

### गाइडलाइन दरों की वापसी पर तुरंत निर्णय ले राज्य सरकार

**रायपुर।** गाइडलाइन दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि पर राज्य सरकार द्वारा कोई फैसला नहीं लेना जनता पर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, गाइडलाइन की दरें जिस प्रकार से बढ़ाई गई हैं, उससे जनता सरकार के खिलाफ है। बिना किसी सलाह मशवरे, बिना सुझाव, बिना दावा-आपत्ति के अचानक जमीनों की गाइडलाइन दरें कई गुना



बढ़ा दी गईं। प्रदेश की जनता इसके विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही है। राज्य सरकार अपनी गलत नीतियों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को कुचलने के लिए बर्बरता पर उतर आई है, महिलाओं और कारोबारियों पर लाठी-डंडे चलाकर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, सत्ता के अहंकार में भारतीय जनता पार्टी के नेता जमीन कारोबारीयों को अपराधी के तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं। किसानों, गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों के द्वारा भूखंड खरीदने वालों को भ्रष्टाचारी बता रहे हैं। रोजी, रोजगार, नौकरी तो यह सरकार दे नहीं पा रही, यदि कोई व्यक्ति जमीन के कारोबार से अपना परिवार पाल रहा है तो इस सरकार में वह अपराधी हो गया? सरकार लोगों को अनुचित विकल्प के लिए मजबूर कर रही है।

# भागवत कथा के श्रवण से कई जन्मों के पापों का होता है क्षय


हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम केसला के शास्त्री चौक में देवांगन परिवार की ओर से आयोजित भागवत महापुराण सप्ताह के पांचवें दिन कथावाचक पं. अम्बरीष गर्ग ने कथा प्रसंग में वामन, जन्मोत्सव, राम जन्म और कृष्ण अवतार की कथा विस्तार से सुनायी। कथा व्यास ने पं. अम्बरीष गर्ग व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। उन्होंने कहा कि देवताओं को डर सताने लगा कि राजा इन्द्र की गद्दी पर आसीन नहीं हो जाए। इस पर देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर याचिका लगाई। भगवान विष्णु ने वामन अवतार का वेश धरा और राजा बलि के पास पहुंचकर तीन पैर की जमीन मांग ली। राजा बलि ने यह वचन दे दिया और भगवान ने विशालकाय रूप लेकर तीनों पैरों में ही संसार को नाप लिया। वामन अवतार प्रसंग में भागवताचार्य ने बताया कि वामन विष्णु के 5वें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। इसके साथ ही यह विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे, जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुए। वामन ऋषि कश्यप तथा अदिति के पुत्र थे। वह आदित्यों में 12वें थे। ऐसी मान्यता है कि वह इंद्र के छोटे भाई थे। वामन को तीन पैरों वाला दर्शाया गया है। त्रिविक्रम रुप में एक पैर धरती पर दूसरा आकाश पर तथा तीसरा बलि के सिर पर।

### केसला में पं. अम्बरीष गर्ग की भागवत कथा जारी

#### बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे

भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इंद्र का देवलोक में पुन अधिकार स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। कथा के दौरान वामन अवतार की आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। वहीं तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली जैसे अनेक मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। परायण आचार्य पंडित अर्जुन शास्त्री ने बताया कि 4 से 12 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोता पहुंच रहे हैं। कथा दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक जारी है।




#### अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता


हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। प्रसंग में उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धन संपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोह ग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है, तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी।

### पीसीसीएफ अरुण पांडेय ने किया वेबसाइट का लोकार्पण

# बारनवापारा अभ्यारण्य में जंगल सफारी स्टे और टिकटिंग की ऑनलाइन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य को डिजिटल रूप से और अधिक सुलभ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को नया रायपुर में इसकी नई ऑनलाइन बुकिंग वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। यह शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अरुण पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील तथा अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार भी उपस्थित थे।

इस ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से अब पर्यटक घर बैठे ही बारनवापारा जंगल सफारी की बुकिंग कर सकेंगे। बारनवापारा के पर्यटन ग्राम एवं देव हिल्स नेचर रिसॉर्ट में ठहरने के लिए भी ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म पर टिकट उपलब्धता, सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान एवं आगमन की पूरी प्रक्रिया को अत्यंत सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इसके साथ ही बारनवापारा के पर्यटन ग्राम एवं देवहिल्स नेचर रिसॉर्ट में ठहरने की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा भी वेबसाइट में उपलब्ध है, जिससे पर्यटकों को सफारी, आवास और पर्यटन संबंधी सभी सेवाएं एक ही प्लेटफार्म पर सुगमता से प्राप्त होंगी।

नई वेबसाइट आधुनिक तकनीक से तैयार की गई है तथा मोबाइल फ्रेंडली इंटरफेस होने के कारण इसका उपयोग यात्रियों के लिए बेहद सहज रहेगा। वेबसाइट में फर्जी बुकिंग पर प्रभावी रोक, सटीक रिकॉर्ड-प्रबंधन तथा वन विभाग को बुकिंग डेटा की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सऐप आधारित हैसल-फ्री टिकटिंग की सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे पर्यटक और भी आसानी से बुकिंग कर सकेंगे।

पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व योजना के अंतर्गत 60 दिन पहले तक एडवांस बुकिंग करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे पर्यटकों को अपनी यात्रा समय रहते तय करने की सुविधा मिलेगी और अभ्यारण्य प्रबंधन को भी सुरक्षित एवं नियंत्रित पर्यटन संचालन में सहयोग मिलेगा।

# पुलिस के हटौद फायरिंग रेंज में वार्षिक चांदमारी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम हटौद फायरिंग रेंज में वार्षिक चांदमारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा सम्मिलित होकर एके-47, इंसाफ, एसएलआर एवं 9 एमएम पिस्टल के माध्यम से फायरिंग में अपना हाथ आजमाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में प्रत्येक वर्ष वार्षिक चांदमारी का आयोजन किया जाता है, जिसमें पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की फायरिंग की कुशलता एवं दक्षता को और अधिक प्रभावी करने हेतु विभिन्न स्वचालित हथियारों से टारगेट निर्धारण कर फायरिंग का अभ्यास किया जाता है। आयोजित वार्षिक



चांदमारी कार्यक्रम में भावना गुप्ता के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक निधि नाग, कौशल किशोर वासनिक,अपूर्वा क्षत्रीय, राजेश श्रीवास्तव, अमृत कुजूर द्वारा भी फायरिंग कर टारगेट पर निशाना साधा गया। इस दौरान आज आयोजित वार्षिक चांदमारी कार्यक्रम में राजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 94 की संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

# प्रतिबंध के बावजूद जिले के खेतों में धधक रही पराली, प्रदूषण और उर्वरा शक्ति पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार ने खेतों में खरपतवार और फसल अवशेष (पराली/पैरा) जलाने पर सख्त रोक लगा रखी है। नियमों की अनदेखी करने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन जिले में ये नियम केवल कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। धान की कटाई के बाद किसान खुलेआम खेतों में बचे हुए ठूंठ और पराली को जला रहे हैं, जिससे वायुमंडल में जहर घुल रहा है और जमीन की सेहत चौपट हो रही है। दुखद बात यह है कि प्रतिबंध और जुर्माने के बावजूद, जिले में अब तक एक भी किसान पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिलामुख्यालय लगे क्षेत्र मचेवा एवं उसके पास लगे गांवों के किसान रबि सिजन की फसल लेने के लिए अब खेत में फैले पराली/पैरा को जलाए जा रहें है। पराली जलाना एक ऐसी प्रथा है जिसका सीधा असर जमीन और हवा दोनों पर पड़ता है। जब किसान बचे हुए ठूंठ को जलाते हैं, तो इससे कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और पार्टिकुलेट मैटर जैसी हानिकारक गैसें और कण उत्सर्जित होते हैं, जो सीधे वायु प्रदूषण का कारण बनते हैं। जिले में इन दिनों शाम के समय कई क्षेत्रों में धुंध और धुएं का माहौल देखा जा रहा है, जिसका सीधा कारण पराली दहन है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही, यह कृत्य जमीन की उर्वरा शक्ति पर भी जानलेवा हमला करता है। गर्मी के कारण मिट्टी की ऊपरी परत में मौजूद महत्वपूर्ण पोषक तत्व, जैसे नाइट्रोजन और फॉस्फोरस, नष्ट हो जाते हैं।

# सौ फीट की सड़क में 40 फीट पर आवागमन, बाकि पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



- सड़क के दोनों ओर टेलीफोन और विद्युत पोल के आड़ में दुकानदारों ने टीन शेड के सहारे किया अवैध कब्जा

ग्राम पंचायत से लेकर नगर पालिका तक सिमगा नगर का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। वर्तमान में नेशनल हाईवे निर्माण होने के बाद सिमगा नगर अपने विकास के पथ से बहुत पीछे चला गया है। राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर के मध्य स्थित है, सिमगा नगर का एक मात्र मुख्य मार्ग जो लगभग तीन किलोमीटर लम्बा है, जिसके दोनों ओर व्यावसायिक दुकानें हैं। यह मार्ग लगभग अस्सी से सौ फिट चौड़ा है, जिस पर सड़क के दोनों ओर टेलीफोन एवं विद्युत पोल खड़े हैं, इसकी आड़ लेकर तथा नालियों पर स्थाई निर्माण कर दुकानों के बाहर में टीन शेड का निर्माण कर कब्जा किया हुआ है। वहीं टिन शेड के बाहर अपनी अपनी दुकानों के बोर्ड लगा रखे हैं। दुकान के सामान को बाहर तक फैला कर रखते हैं, जिसके कारण डामरीकृत 15 फीट की सड़क को छोड़ सड़क के दोनों ओर 50 से 80 फीट तक अतिक्रमण ही अतिक्रमण है, जिसके कारण शहर की सम्पूर्ण यातायात व्यवस्था तथा सुंदरता नष्ट हो गई है। बेमेतरा मार्ग तिराहा में सड़क के दोनों ओर होटलों सहित अन्य दुकानों के कारण नगरवासी आवागमन करने वाले यात्रियों के दुपहिया चारपहिया वाहन सड़कों के दोनों ओर बहुतायत में खड़े रहते हैं तथा तिराहे पर ही आवारा मवेशियों का झुंड आराम फरमाते रहता है।

इन सब कारणों से नगर का व्यवसाय प्रभावित हुआ है। यातायात हमेशा अवरुद्ध सा बना रहता है, जो नगर के लिए बदनुमा धब्बा है। नगर विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, उक्त तीन किमी लंबे मार्ग को अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण से मुक्त कराकर सड़क को पूरी तरह चौड़ा किया जाए। सड़क के मध्य में डिवाइडर बनाकर विद्युत पोल को मध्य में लगाया जाए। इसी तरह सिमगा बेमेतरा तिराहे की सड़क को शिवनाथ नदी तक चौड़ीकरण कर मध्य में डिवाइडर बनाकर विद्युत पोल लगाया जाए। उपरोक्त विकासशील मुद्दे के लिए नगर की जनता निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित प्रदेश स्तरीय नेताओं को सामने आकर सामूहिक रूप से शासन और प्रशान को निर्माण कार्य करने के लिए बाध्य करना होगा, तभी सिमगा का सही मायने में विकास दिखेगा।

### कुल 172 प्रकरणों में 26,047 क्विंटल धान जब्त

# अब तक कुल 1,81,264 मीट्रिक टन धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य सरकार के मंशानुरूप जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। आज धान खरीदी का 17वां दिन है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक कुल 1,81,264 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें मोटा धान 1,51,965 टन, पतला 12.2 टन तथा सरना 29,286.9 टन धान खरीदी की गई हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन, सहकारिता, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, तौल उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की गई है। सभी उपार्जन केंद्रों में केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिदिन खरीदी का आंकड़ा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण तुलाई, उचित व्यवस्था तथा किसानों को सुचारू सेवा सुनिश्चित की जा रही है। समितियों में धान की गिरदावरी (फसल पंजीयन) मिलान एवं सत्यापन का कार्य भी जारी है। ताकि, अवैध विक्रय पर रोक लग सके। निगरानी दलों को 24×7 सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई किया जा सके। राइस मिलों को मिलिंग क्षमता के अनुसार धान उठाव, भंडारण और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। भुगतान प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए बैंक व सहकारी समितियाँ समन्वय कर रही हैं। खरीदी केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया भी जारी है।

#### अब तक 154 प्रकरण दर्ज

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता से चलाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के प्रशासनिक निर्देश के तहत अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 154 प्रकरण दर्ज किए गए। 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 172 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 26047.84 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

#### अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी

अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत तहसील कोमाखान एवं सरायपाली में अलग-अलग प्रकरणों में कुल 791 कट्टा धान जब्ती की कार्रवाई की गई। जिसमें तहसील कोमाखान के ग्राम लिटियादादर में परिवहन करते हुए 350 कट्टा अवैध धान टीम ने जब्त की।

# अब प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य बनाने की कवायद, मोर्चा कार्यकारिणी भी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का विस्तार प्रारंभ हो गया है। विधानसभाओं के साथ ही जिलों के प्रभारी, प्रकोष्ठ के संयोजक और सह संयोजक बना दिए गए हैं। अब बारी सबसे अहम कार्यसमिति सदस्य बनाने की है। इसी के साथ सभी मोर्चा की कार्यकारिणी का ऐलान भी करना है। इसके लिए सभी मोर्चा के अध्यक्ष जुट भी गए हैं।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का 13 अगस्त को ऐलान किया गया था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका ऐलान अब तक नहीं हो सका है। अब इसको लेकर भी कवायद प्रारंभ की गई है।

#### कार्यसमिति में भी फेरबदल की कवायद

*इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे, उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं, लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है, लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछकर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्यसभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। कुल मिलकर यह तय है कि कार्यसमिति में कई चेहरे बदले जाएंगे।*

# विवादित टिप्पणी के खिलाफ अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने थाने में सौंपा ज्ञापन

## मप्र में तैनात आईएएस अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पं. अंजू पांडेय प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने ब्लॉक खरोरा थाने में पहुंचकर मप्र में तैनात आईएएस उच्च अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध की गई अनैतिक, विवादित टिप्पणी को लेकर ज्ञापन सौंपा। वायरल वीडियो एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित उक्त अशोभनीय टिप्पणी की कटु निंदा करते हुए महिला नेत्री सरिता शर्मा ने इसकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह निंदनीय कृत्य ही नहीं वरन उच्च पद की गरिमा को भंग किया है। उन्होंने केंद्रीय शासन से कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।प्रदेश अध्यक्ष अंजू पांडेय ने कहा कि हमर समाज के ऊपर जेन टिप्पणी संतोष वर्मा ह करे हवएं होकर निंदा कठोर शब्दों में करत हुए, ओकर ऊपर अनुशासनात्मक कार्यवाही करे, जेकर से भविष्य में कोई आइसन दुस्साहस नहीं करे सकय से हमन अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ हर प्रांत हर जिला ब्लाक से आवाज उठाके नारी सम्मान के रक्षा करे बर शासन से गुहार करत है। खरोरा परिक्षेत्र से वरिष्ठ पूर्वअध्यक्ष रमेश शर्मा तथा योगेश द्विवेदी ने सामाजिक आवाज में विप्र बहनों के सम्मान अनर्गल बयान देने वाले आई एएस संतोष वर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।



### कार्रवाई की मांग की

पं. सोनम तिवारी ने शासन से न्याय की अपील करते हुए विवादित बयान बाजी करने वाले अफसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मप्र में हुई घटना खरोरा नगर थाना में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद पंजीकृत की प्रदेशाध्यक्ष पं. अंजू पाण्डेय, वरिष्ठ पं. रमेश शर्मा, विजय शर्मा, सोनम गोपेश्वर तिवारी, सरिता शर्मा, गिरिजा योगेश द्विवेदी, किशोरी शर्मा ने ब्लॉक की सभी कार्यकारिणी टीम के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रकट किया।

## खबर संक्षेप



### बच्चों को परोसा गया न्योता भोज

**खरोरा।** मिथलेश साहू पूर्व सरपंच परसदा एवं पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसदा के बच्चों के लिए जन्म दिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे एवं सभापति कुंजलाल वर्मा, खौना एवं ग्राम पंचायत परसदा के सरपंच पंच शाला समिति के अध्यक्ष महिला स्व. सहायता समूह के सभी सदस्य, शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम आमापाली में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आमापाली के परीक्षित राणा पिता नरोत्तम राणा की घर बाड़ी से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### किसानों ने मवेशियों के लिए किया पराली दान

**बिरकोनी।** बिरकोनी के किसानों ने मवेशियों की भूख मिटाने हाथ बढ़ाया हैं। जागरूक किसान पराली का संग्रह कर गोठानों में दान कर रहे हैं। ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से गौठान में गौ माता के चारे की व्यवस्था के लिए पैरा-दान करने की अपील की है। गांवों में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौठान बनाए गए है। इन गौठानों में गोधन के चारे एवं पानी का प्रबंध किया जा रहा है। पशुधन के लिए गौठानों में सूखे चारे का पर्याप्त प्रबंध हो सके। इसके लिए किसान धान की कटाई के बाद खेतों में पैरा को जलाने की बजाय अपने गांव की गौठान में पैरा-दान कर रहे हैं। इससे गोधन के लिए चारे का इंतजाम करने में आसानी होगी। किसान देवनाथ साहू ने बताया कि खेतों में पराली जलाने से प्रदूषण एवं स्वास्थगत समस्याएं पैदा होती है। यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी का भी उल्लंघन है।

### चार हजार का महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैदपाली चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी गिरधारी वैष्णव पिता रविशंकर वैष्णव बाजार के पास बैदपाली रोड ताजनगर सरायपाली के कब्जे से कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

पेज 9 का शेष

### प्रस्तावित महाविद्यालय ...

**युवाओं ने शिक्षा बचाओ के नारे लगाए:** महाविद्यालय को सरसींवा में स्थापना करने की मांग को लेकर धरना स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। युवाओं ने शिक्षा बचाओ के नारे लगाए, जहां अभिभावकों ने कहा कि कॉलेज को दूर ले जाना गरीब-बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। बड़े घरों के बच्चे आज उच्च शिक्षा प्राप्त करने बड़े शहरों में चले जाते हैं, जहां शिक्षा के लिए गरीब परिवार के बच्चों को भुगतना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से कहा कि सरसीवा के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति बाहुल्य यह क्षेत्र सरसींवा द्वेषपूर्ण राजनीति के चलते उपेक्षित और विकास से कोषों दूर रहा है। यहां के कुछ निजी स्वार्थगत राजनीतिक तत्वों ने हमेशा इस क्षेत्र के विकास में विराम लगाने की कोशिश की है। सरसींवा क्षेत्र की आम जनता एवं सर्वदलीय जनप्रतिनिधियों की एक ही मांग है कि शासकीय महाविद्यालय सरसीवा में ही खोला जाए, किसी भी स्थिति में धोबनी स्थानांतरण स्वीकार नहीं होगा।

## कानूनी सहायता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का लिया संकल्प

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के विधि प्रकोष्ठ का विस्तार : चंद्रप्रकाश बने प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी







न्यायधानी बिलासपुर में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने अपने संगठन विस्तार अभियान को गति देते हुए, समाज के अंतिम व्यक्ति तक कानूनी सहायता और विधिक मार्गदर्शन पहुंचाने के उद्देश्य से विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। यह मनोनयन पूर्व राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता गोविंद मिरी, प्रदेश अध्यक्ष एलएल कोशले, महासचिव मोहन बंजारे, सहसचिव दिनेश बंजारे, कोषाध्यक्ष श्याम टांडे एवं कार्यकारिणी सदस्य श्याम लाल सितारे, यादराम हिरवानी, सत्येन्द्र कुमार खुंटे, डमरू मनहर के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से किया गया।

संगठन ने निम्नलिखित प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें सर्वसम्मति से एड.चन्द्रप्रकाश जांगड़े सदस्य राज्य विधिक परिषद बिलासपुर को विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, चंद्रभूषण जोल्हे, बिना मार्कण्डेय, लक्ष्मी प्रसाद लहरे, एड.जगेश्वर लहरे सारंगढ़ को महासचिव, राजेन्द्र मल्होत्रा रायपुर को सहसचिव, कोषाध्यक्ष दयाराम सांडे, ललित जांगड़े बिलासपुर को प्रवक्ता एवं दिनेश लहरे मीडिया प्रभारी, कार्यकारिणी सदस्य एड दीना प्रसाद रात्रे महासमुंद, कुमारी प्रमिला टंडन, चिंटू बंजारे, जितेंद्र गिलहरे, रायपुर चंद कुमारी नवरंग, किशोर गावस्कर बलौदाबाजार, डी के बेनर्जी पलारी, मौसमी बर्मन, फलित लहरे, टी आर सोनवानी, बलदाऊ प्रसाद बंजारे, कमल सिंह कांत, मनोहर जटवार बिलाईगढ, कौशल कोसले को मनोनीत किया गया है। बहुत जल्द सभी जिलों में होगा संगठन विस्तार। दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, मुंगेली, जांजगीर, बलौदाबाजार, शक्ति, सारंगढ़-बिलाईगढ, महासमुंद, खैरागढ़, सहित प्रमुख जिला के अधिवक्ता गण उपस्थित थे। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी की ओर से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## पीएम आवास योजना से भटगांव के 886 लोगों को मिला अपना आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

्रधानमंत्री आवास योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य भारत के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर प्रदान करना है। यह योजना खासतौर पर उन लोगों के लिए है जिनके पास अपना घर नहीं है या जिनके घर बहुत खराब हालत में हैं। सरकार की ओर से इस योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि लोगों को एक सुरक्षित और मजबूत छत मिल सके। इसी के तहत नगर पंचायत भटगांव के वर्तमान एवं पूर्व परिषद एवं नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सब इंजीनियर, आवास मित्र के अथक प्रयास से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नगर भटगांव के 886 हितग्राहियों को हुआ है। इनका आवास कार्य पूर्ण हो चुका है। 36 हितग्राहियों का आवास कार्य प्रगति पर है। हाल में ही पीएम आवास योजना की नई शहरी एवं ग्रामीण लिस्ट जारी होने वाली है। जिसमें उन लाभार्थियों के नाम शामिल हैं, जिन्हें इस योजना के तहत घर पाने का मौका मिलेगा। इस लिस्ट के जारी होने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा और ज्यादा से ज्यादा परिवारों को घर मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।



## नपा अध्यक्ष ने रामसागर तालाब के विकास कार्यों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के रामसागर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने निरीक्षण किया।रामसागर तालाब के समीप वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ जन सामान्य की सुविधा के लिए प्रशाधन निर्माण किए जाने भी निर्देशित किया गया। रामसागर तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण के कार्यों को कराए जाने के साथ ही तालाब में निस्तारी के लिए पचरी घाटों का भी नव निर्माण किया जाना है। साथ ही तालाब का पानी निस्तारी योग्य नहीं होने के कारण अति शीघ्र पानी खाली भी किया जाएगा। रामसागर तालाब के निरीक्षण के दौरान आसपास के मोहल्लेवासी एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## धान खरीदी लिमिट बढ़ाने कांग्रेसियों ने कलेक्टर से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





प्रदेश में इन दिनों समर्थन मूल्य में धान खरीदी युद्ध स्तर पर जारी है। टोकन तुंहर एप में किसानों को गुमराह किया जा रहा है, तकनीकी के जानकार लोग अपने पसंद के किसानों का टोकन काट रहे हैं, बाकि किसान रोज सुबह 7 बजे से मोबाइल खोल कर घूम रहे चकरी को देख-देख के छटपटा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर टुण्डरा के कांग्रेसियों ने किसानों के हित में धान मंडी जाकर नोडल अधिकारी होलिका प्रसाद कैवर्त्य को समस्या से अवगत कराते हुये 30 प्रतिशत समिति कार्यालय से काटे जाने वाले टोकन को पारदर्शिता लाने तुरंत रजिस्टर खोलकर किसानों का नाम दर्ज कर क्रमानुसार टोकन काटने अनुरोध किये। दैनिक खरीदी मात्रा 720 क्विंटल होने से किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। मौके पर उपस्थित सभी ने कलेक्टर बलौदाबाजार को तहसीलदार के माध्यम से तत्काल धान खरीदी की लिमिट को बढ़ाने आवेदन दिये हैं। यदि खरीदी मात्रा नहीं बढ़ेगी एवं किसानों में असंतोष होगा तो नगर कांग्रेसियों ने आगामी समय सरकार के नीतियों के विरूद्ध आंदोलन करने की बात कही है। धान मंडी में मनोनित अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, प्रबंधक रामा साहू, आपरेटर जागेश साहू, नन्दू साहू, लीलाधर साहू, विधायक प्रतिनिधि मोतीराम साहू, नगर मंडल कांग्रेष अध्यक्ष रविशंकर बंजारे, राजमहंत पी के घृतलहरे, सतीश साहू, दिनेश देवांगन, लतीश साहू, दिल साहू, युवल साहू, लखन कैवर्त्य, बाबूलाल यादव, अशोक साहू, द्वारिका साहू, माधव साहू, खोलबहरा बर्मन, शिव साहू, कंचन पटेल, रामनारायण साहू, लंखेस देवांगन, मेलाराम पटेल, रामकुमार साहू, खेदू साहू, लक्ष्मी साहू, भुनेश्वर पटेल, महेशराम, हरिशंकर, हेमंत, अशोक साहू आदि सहित सैकड़ों किसान एकत्रित हुए थे।

## धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक संदीप साहू



**पलारी।** विकासखण्ड पलारी अंतर्गत लच्छनपुर कृषि उपज मंडी में सोमवार को विधायक संदीप साहू ने अचानक पहुंचकर धान खरीदी व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही मंडी परिसर में मौजूद कर्मचारियों में हलचल मच गई। विधायक ने सबसे पहले खरीदी केंद्रों की व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि तौल प्रक्रिया में देरी बोरी की कमी और गुणवत्ता परीक्षण में समय लगने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विधायक साहू ने मंडी प्रबंधन एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसान हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने तौल मशीनों, मापक उपकरणों, रिकॉर्ड रजिस्टर, भुगतान व्यवस्था और परिवहन व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की। विधायक साहू ने अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर किसान का धान निर्धारित समय में खरीदा जाना चाहिए। मीडिया से बातचीत में विधायक संदीप साहू ने कहा की वे किसानों के हितों के लिए पूरी तरह समर्पित है। मंडियों की लगातार निगरानी की जा रही है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिले के 482 ग्राम पंचायतों में 3982 कार्य संचालित

# क्यूआर कोड से मिलेगी मनरेगा के कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिले में प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाला रोजगार दिवस इस बार डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया।

मनरेगा अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए गए, जिसके माध्यम से ग्रामीण अब अपनी पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कर प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भवनों में चस्पा किए गए क्यूआर कोड की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में ग्रामीणों को समझाया गया। ग्रामीण अब क्यूआर कोड स्कैन कर स्वीकृत कार्यों का विवरण देख सकते हैं। इससे उन्हें पारदर्शिता, रोजगार जानकारी, डिजिटल सुविधा और शिकायत निवारण जैसे अनेक लाभ मिलेगा। अब ग्रामीण मनरेगा परियोजनाओं की स्थिति, स्वीकृत बजट और प्रगति की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त क्यूआर कोड के माध्यम से हेल्पलाइन और शिकायत पोर्टल तक सीधी पहुंच सुनिश्चित की गई है, जिससे ग्रामीण अपनी समस्याएं आसानी से दर्ज कर सकते हैं।

रोजगार दिवस में आजीविका डबरी हेतु अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर सूची तैयार करते हुए स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने कहा गया। वर्तमान में जिले के 482 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनान्तर्गत 3922 कार्य संचालित है।

## नपा अध्यक्ष ने किया चौपाटी स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुरूम तालाब स्थल पर नव निर्माणाधीन चौपाटी का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने निरीक्षण किया।

इस दौरान चौपाटी स्थल पर बनाए जा रहे कृत्रिम झरना एवं गाजीबों का अवलोकन किया। उन्होंने मुरूम तालाब स्थल पर चल रहे सौंदर्यीकरण के साथ-साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालन पर भी चर्चा की और सुरक्षा के लिए अत्यधिक भीड़भाड़ होने वाले स्थल पर सी सी टी वी कैमरा भी लगाए जाने के निर्देश दिए।

मुरूम तालाब चौपाटी निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, उप-अभियंता रितेश स्थापक सहित पार्षद लोकेश चेलक, गौतम सिंह चौहान, सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रसून शर्मा, पूर्व कृषि उपज मंडी के सचिव योगेश अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू, मोहसिन चौहान, राहुल अग्रवाल, ध्यानु गुप्ता, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 6:00, 9:00 PM
तेरे इश्क में
शो समय - 3:00 PM
हाय पैसा CG
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### मनमहेंद्र सिंह बने सिख समाज भाटापारा के अध्यक्ष



**भाटापारा।** सिख समाज की बैठक में आगामी अध्यक्ष पद के लिए सर्वदलीय बैठक में मनमहेंद्र सिंह को सिख समाज भाटापारा का अध्यक्ष चुना गया है। उल्लेखनीय है कि मन महेंद्र सिंह चावला का पूरा परिवार गुरु घर से जुड़ा हुआ है। उनके पिता स्व.कल्याण सिंह चावला भी गुरु घर की सेवा बढ़ चढ़ कर करते थे। उनके मनो नयन पर समस्त सिख समाज के नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

### छात्र ब्लू प्रिंट के माध्यम से विषयवार करेंगे तैयारी



**बगबुडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहरौद में आर के टंडन विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा 10वीं 12वीं के समस्त विद्यार्थियों को विषयवार ब्लू प्रिंट के माध्यम से तैयारी करने के लिए जोर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीएस सेन, तोमर सिंह डांडे, हेम कुमार निराला, शिवदयाल मरकाम, लहाराम मनहरे, गणेश राम साहू, योगेश साहू, घनेश्वरी साहू, जितेंद्र पैकरा, अजय, कार्तिक मनहरे, दीप्ति वर्मा, लेखुराम ठाकुर, रामलाल यादव, महेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में की साफ-सफाई



**भटगांव।** नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को सुबह 8 बजे से सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सेक्टर भटगांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान कर अस्पताल परिसर की साफ सफाई की, जहां स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश अजय, डॉ. संतोष टंडन सहित समस्त स्टॉफ ने इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

### भाजपा की बैठक कल

**महासमुंद।** भाजपा जिला संगठन द्वारा 10 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित है। यह बैठक भाजपा प्रदेश मंत्री एवं नवनियुक्त महासमुंद जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल के प्रथम जिला आगमन पर रखी गई है। जिला स्तर पर परिचयात्मक, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर इस बैठक में विस्तार से चर्चा होना है।

### मॉर्निंग वॉक करने गया युवक बाइक की टक्कर से घायल

**महासमुंद।** मॉर्निंग वॉक पर गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कृष्णचंद बरिहा ग्राम पंडकीपाली ने बताया कि 07 दिसंबर को सुबह लगभग 5 बजे उसका बेटा मनोज कुमार बरिहा अपने दोस्तों कोमल निषाद, डोलामणि चौधरी के साथ में पैदल मॉर्निंग वॉक में ग्राम पड़कीपाली से पड़कीपाली नाला की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजी 5805 के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मनोज बरिहा के सिर व बांये पैर में चोट आई है।

## मारवाड़ी युवा मंच और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की पहल से जरूरतमंदों को मिली जीवन जीने की राह

# 100 से अधिक जरूरतमंदों को प्रदान किए गए कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- नगरपालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा का सहयोग का दिया आश्वासन
- नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का हुआ सफल समापन



छत्तीसगढ़ प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में मारवाड़ी युवा मंच ग्रेन सिटी भाटापारा शाखा एवं जागृति शाखा द्वारा आयोजित नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन किया गया। सेवा और संवेदना से सजे इस शिविर में 85 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग, 5 को श्रवण यंत्र एवं 10 दिव्यांगजनों को बैशाखी प्रदान की गईं। कुल 100 से अधिक जरूरतमंदों को नई राह, नया आत्मविश्वास और नया जीवन-संतुलन मिला।

मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष प्रशान्त गांधी ने शिविर को जीवन सुधार का मिशन बताते हुए कहा कि मंच द्वारा किया यह प्रयास सिर्फ सहयोग नहीं, बल्कि स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का संबल है।

नगरपालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने मंच की इस पहल को दिव्यांगजनों के जीवन में उम्मीद का प्रकाश बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने आयोजन को सच्ची जनसेवा कहा, वहीं पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री सुशील शर्मा ने मंच को निरंतर समाजहित



में अग्रणी रहने की शुभकामनाएं दीं। चिकित्सक डॉ. विकास अडिल ने शिविर को कई परिवारों के जीवन में नया साहस और फिर से जीने की शक्ति देने वाला अभियान बताया।

कार्यक्रम में रामरतन मूंधड़ा, नरेश चौबे, सत्यनारायण जोशी, डॉ. बसन्त भृगु, श्री गुलाब चंद जी गोलछा, प्रशांत गुप्ता, नरेश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, श्यामरत्न मूंधड़ा, शिवकुमार दम्माणी, आशीष जायसवाल, हरिकिशन शर्मा, नरेश आर्य, गोपाल अग्रवाल, राजकुमार चोपड़ा, वायपी सोनी, निक्की शर्मा एवं भरत अग्रवाल, राजू सोलंकी आदि ने भी मंच की इस सेवा परंपरा की सराहना करते हुए इसे सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव बताया।

दोनों शाखा अध्यक्षों कैलाश बंसल एवं ऋषभ जोशी द्वारा सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया एवं मानव सेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यह शिविर पूरे भाटापारा नगर के लिए गौरव का विषय है। ।शिविर की सफलता में दीपक मल, संत सोनी, शरद मल, राजेश राठी, चीकू अग्रवाल, गिरधर अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सिद्धार्थ गोलछा, आशीष टोडर, भावेश अग्रवाल, साकेत माहेश्वरी, सौरभ शर्मा, राहुल तिवारी, सोनल सिंघानिया, अभिषेक टाटिया, विनोद अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, वरुण भूषणिया, आदर्श अग्रवाल,कान्हा अग्रवाल, कुश शर्मा, वैभव, अभिजीत शर्मा एवं अक्षत जोशी, शिवानी शर्मा, आरती गाँधी, काव्या माहेश्वरी, श्रध्दा बंसल, श्वेता गोलछा का विशिष्ट योगदान रहा, जिन्होंने अपनी समर्पित सेवाओं के माध्यम से शिविर को उत्कृष्ट रूप से सफल बनाया।

### युवाओं ने 57 यूनिट ब्लड दान किया



**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 ग्राम अकोली (परसवानी) में तीसरी बार संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं निः शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा आयोजित किया गया। इससे क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 57 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।इस अवसर पर रामरूपदास महात्यागी(मदकूद्वीप)व जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल, ग्राम पंचायत अकोली सरपंच कामती रामबिहारी वर्मा, ग्राम पंचायत परसवानी सरपंच हिमित राम वर्मा, रक्तवीर पीलू वर्मा मौजूद थे। सभापति जायसवाल ने युवाओं की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा दान हैं, जो जरूरत मंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना, आपातकालीन स्थितियों के लिए रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है।शिविर में उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नियमित रक्तदान से दिल की बीमारियों का खतरा कम होता हैं।रक्तदाताओं को ब्लड डोनेट कार्ड, हैलमेट, वाहन चालक लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। भविष्य में ऐसे समाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। ऐसे आयोजनों से समाज में मानव सेवा और परोपकार की भावना मजबूत होती हैं। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से योगदान दिया संजू वर्मा, जीवन वर्मा, दीपक वर्मा, दिनेश वर्मा, भोला वर्मा, गणेश वर्मा, भानु वर्मा, भागवत वर्मा व संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान के सभी सदस्यों ने सहयोग दिया।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्रों ने लगाई दौड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम पंचायत सरखोर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच मोहन बंजारे एवं जगत राम साहू, दूज राम टण्डन, जितेन्द्र कुर्रे, वीरेंद्र दिनकर सहित पंचों की उपस्थिति में हुआ। प्रतिभागियों की शुरूआत दौड़ से हुई।

सरपंच मोहन बंजारे ने कहा कि खेल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है, निरोग रहता है। प्रभारी प्राचार्य किशोर कुमार साहू ने कहा कि खेल को हमें खेल भावना से खेलना चाहिए एवं आपस में लड़ाई झगड़ा नहीं होना हैं। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, खो-खो,कबड्डी, बैडमिंटन आदि खेलों का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता को क्रीड़ा प्रभारी रामेश्वर प्रसाद साहू, मातादीन साहू, योगेंद्र कुमार सोनवानी, गोविंद कुमार राजपूत, विजय कुमार, वनजुला आदि व्याख्यातागणों तथा शिव शक्ति साहू, हेमलता साहू व्यावसायिक शिक्षक, कुमारी धान बाई जांगडे, रामेश्वरी साहू, मधु नारंगे शाला प्रबंधन शिक्षिका, शशिकला धीवर सहायक ग्रेड 2, अंशकालीन स्वीपर बुधवंतिन डहरिया आदि ने मिलकर संपन्न कराया। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने हर्ष व्याप्त किया है।

# जिला व्हालीबॉल महिला एवं पुरुष टीम के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



बलौदाबाजार- भाटापारा जिला व्हालीबॉल संघ द्वारा सिमगा में 20वीं अंतर जिला महिला एवं पुरुष व्हालीबॉल चैंपियनशिप के लिए 7 दिसंबर रविवार को सिमगा में सलेक्शन ट्रायल्स रखा गया था, जिसमें 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 25 से 28 दिसंबर को भिलाई में आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेंगे। साथ ही चयनित महिला वर्ग में मुस्कान सिंह ठाकुर, साक्षी वर्मा, आकांक्षा साहू, रेणुका निषाद, श्रेया निषाद, शिवानी साहू, लक्ष्मी साहू, सुमन निषाद करिश्मा पाल, लीलावती साहू, तन्नू ध्रुव, साक्षी ध्रुव वहीं पुरुष वर्ग में संस्कार सिंह ठाकुर, हिमांशु पटेल, रविशंकर डहरिया, कुणाल श्रीवास, मयंक वर्मा , बंटी शर्मा, निखिल डहरिया, प्रांजल श्रीवास, नीरू ध्रुव, गगन गुप्ता, आकाश डहरिया, मनोज भारद्वाज वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को पल्लवी पाण्डेय अध्यक्ष सौभाग्य फाउंडेशन रायपुर के द्वारा खिलाड़ियों तथा कोच मैनजर को कीट प्रदान किया गया। मो.अकरम खान ने खिलाड़ियों को अपनी ओर से 2 व्हालीबाल भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य कामना की। उक्त कार्यक्रम में व्हालीबॉल जिला अध्यक्ष सूरज भावनानी, सचिव नितिन पाण्डेय, वरिष्ट खिलाड़ी सज्जन शर्मा, अमरजीत भाटिया, शंकर देवांगन, अत्री शर्मा, आशुतोष शर्मा, मनोहर पंजवानी, अशोक यादव, बंशी देवांगन, नारायण पाटीदार, नन्द किशोर वर्मा के साथ सिमगा थाना प्रभारी रितेश मिश्रा का सहयोग रहा।

# संकुल केन्द्र भरसेला में हुआ नवोदय प्रवेश मॉक टेस्ट



**बलौदाबाजार।** नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए संकुल केन्द्र भरसेला में 8 दिसंबर को राजेंद्र टंडन बीईओ एवं फलेन वर्मा संकुल प्राचार्य के मार्गदर्शन में अमित अवस्थी संकुल समन्वयक द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए संकुल अंतर्गत नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों का संकुल स्तर पर मॉक टेस्ट किया गया। इसमें संकुल के 31 विद्यार्थी शामिल हुए। प्रवेश परीक्षा में ओएमआर शीट में प्रश्न हल करने में डर बना रहता है। परीक्षा पूर्व मॉक टेस्ट से विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव प्राप्त होता है और चयन परीक्षा में सफलता की संभावनायें बढ़ती है। परीक्षा में डॉ. कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक, रीना बघमार एवं जितेन्द्र कुमार वर्मा शिक्षक उपस्थित थे।

# अंचल के सभी स्कूलों में हुई उल्लास महापरीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

केंद्र सरकार के उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में असाक्षरों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया। इस परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। इसी कड़ी में ग्राम अर्जुनी, खैरताल, मुढ़ीपार, पुरेना, टोनाटार में 10 से शाम 04 बजे तक आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। परीक्षा केंद्र में दीप जलाकर पुष्प एवं गुलाब से परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया। स्वयंसेवी एवं शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर नवसाक्षरों को परीक्षा केंद्र तक आमंत्रण के साथ बुलाया गया। संकुल केंद्र अर्जुनी के समन्वयक गोपाल वर्मा ने बताया कि प्रत्येक ग्राम के लिए नोडल अधिकारी एवं परीक्षा केंद्र अध्यक्ष बनाया गया। परीक्षा उपरांत स्वयंसेवी एवं शिक्षकों द्वारा उत्तर पुस्तिका का जांच कर विधिवत महापरीक्षा संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष शंकर लाल रजक एवं प्रधान पाठक कुंती साहू, भोलाराम, संतराम, दुर्गा ध्रुव, अन्नू ध्रुव, श्यामा साहू, अभय लाल ध्रुव, निर्मला कुर्रे, यामिनी वर्मा, एवं संकुल प्राचार्य अवधेश वर्मा, उल्लास महापरीक्षा में उपस्थित थे।

# संकुल परिवार ने किया पदोन्नत प्राचार्य अशोक का स्वागत



**खरोरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी में पदोन्नत होकर नए प्राचार्य बने अशोक कुमार कोशले का संकुल के प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने उनकी पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा। प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। संकुल स्तर पर मिलकर कार्य करने से हम शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं परिणाम मूलक बना सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में नवाचार, अनुशासन, सृजनात्मक गतिविधियों तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे, संकुल समन्वयक कांत कुमार, तथा प्रधान पाठक हरीश कुमार साहू, हेमलाल नेताम, मनीराम वर्मा, गणेश देवांगन, शांत पठारे , शांता पठारे, सरिता वर्मा, भरत लाल धुरंधर एवं धीरेंद्र कुमार वर्मा सहित संकुल परिवार के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# 64 परीक्षार्थियों ने दी राष्ट्रीय उल्लास साक्षरता परीक्षा

**सिमगा।** आदर्श प्राथमिक शाला सिमगा में राष्ट्रीय उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 64 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन में बीईओ ढाल सिंह ठाकुर, जोशी सर, सुमित महोबिया, उत्तम जांगड़े रुक्मण चक्रधारी, सुनील सोनी व राजा कटारे आदि उपस्थित थे



## वन नेशन, वन इलेक्शन को लोकव्यापी बनाने की पहल

# एक राष्ट्र, एक चुनाव का कॉलेज के छात्रों ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि यह प्रशासनिक स्थिरता, संसाधनों की बचत और विकास कार्यों की निरंतरता सुनिश्चित करेगी। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को साकार करते हुए वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष में सोमवार को भाटापारा के गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद कर एक राष्ट्र, एक चुनाव हेतु उनका बहुमूल्य सुझाव एवं हस्ताक्षर सहित उनका समर्थन प्राप्त करते हुए उक्त बातें जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु ने कही। भाजपा युवा मोर्चा गांव, गली, शहरों, खेत, खलिहानों, दुकानों में चर्चा कर बड़ी संख्या में युवाओं को भी इस अभियान में जोड़ रही हैं, ताकि हर क्षेत्र के युवा जुड़े और एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय को लोकव्यापी बनाने में सहयोग करें।

इस अवसर पर अविनाश शर्मा, पीयूष साहू, अभिषेक मिश्रा, सुरेंद्र डागोर, लीलेश्वर साहू सहित युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव आवश्यक : सुनील

भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने इस आयोजन पर चर्चा करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, लोकतंत्र को अनावश्यक खर्च, बार-बार होने वाले चुनाव और राजनीतिक अस्थिरता की जकड़न से मुक्त किया जाए। सुनील यदु ने कहा कि नेशन फर्स्ट के संकल्प के साथ एक राष्ट्र-एक चुनाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए लोकमत तैयार करना है।

